No. of Printed Pages : **5**

6847

Register Number | | | | | | | |

Language – Part IV – HINDI

Time Allowed : 2½ Hours] [Maximum Marks : 100

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें, यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए नीले या काले स्याही का उपयोग करें और रेखाचित्र बनाने के लिए पेन्सिल का उपयोग करें।

Instructions : (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink to write and underline and pencil to draw diagrams.

I. निम्न में से **किसी एक** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **1x5=5**

1. हरि से जनि तू हेत कर, कर हरिजन से हेत।
माल मुलुक हरि देत है, हरिजन हरि ही देत॥

2. रहिमन निज सम्पति बिना, कोउ न विपति सहाय।
बिनु पानी ज्यों जलज को, नहि रवि सकै बचाय॥

3. चाह नहीं, मै सुरबाला के
गहनों में गूँथा जाऊँ :
चाह नहीं, प्रेमी-माला में
बिंध प्यारी को ललचाऊँ :

II. कंठस्थ पद्य ज्यों का त्यों लिखिए : **1x5=5**

4. जा घट __________ बिनु प्रान॥

अथवा

5. धनि रहीम __________ पियासो जाय॥

[Turn over

III. (a) **किन्हीं पाँच** का हिन्दी में अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 5x1=5

6. औषधि
7. प्रेरणा
8. तमाम
9. स्पर्श करना
10. माहौल
11. विदुषी
12. प्रतिदिन
13. अंतर

(b) **सही** या **गलत** लिखिए : 5x1=5

14. स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ।
15. भेड़ों ने चुनाव में भेड़िये को हराया।
16. अज्ञेय जी ने हिरोशिमा पर एक कविता लिखी।
17. देखो, समय-सागर में एक दिन संसार अवश्य अस्त हो जाएगा।
18. खुली हवा में साँस लेने से कार्बन-डाई-आक्साइड मिलती है।

(c) खाली जगह भरिए : 5x1=5

19. पहला सुख __________ है।
20. यह __________ चारों की बस्ती के पास था।
21. इस समय भी छीकों का, पानी बहने का __________ जारी था।
22. आर्या धूता ने अपना __________ रत्नावली हार दिया।
23. सुभद्रा __________ नहीं जाती थी कवि सम्मेलन में।

IV. निम्न में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों का संक्षिप्त उत्तर लिखिए : 5x2=10

24. अध्ययन के समय स्वामीजी किन-किनके ग्रन्थों से प्रभावित हुए?
25. भेड़ों ने अपना भय दूर करने के लिए क्या सोचा?
26. आज की संस्कृति के अनुसार सुख क्या है ?
27. महादेवी के छात्रावास में कौन उनकी साथिन थी?
28. संतुलित भोजन की क्या ज़रूरत है?
29. तोता कर्कश वाणी में क्या बोला?
30. लेखक की पत्नी क्यों परेशान हुई?

V. **किसी एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए : 1x5=5

31. जैसी संगति वैसी ही मति इसकी सत्यता
    दो शुक शावक कहानी से साबित कीजिए।
32. अच्छी तन्दुरुस्ती के लिए क्या-क्या करना चाहिए ?
33. बूढ़े सियार ने भेड़ों को रोककर क्या उपदेश दिया?

VI. **किसी एक** कहानी का सारांश **सौ** शब्दों में लिखिए : 1x10=10

34. अल्बम
35. मजबूरी
36. खरगोश की एक और रेस

VII. **किसी एक** विषय पर **सौ** शब्दों का निबंध लिखिए : 1x10=10

37. समय का सदुपयोग
38. भ्रमण
39. पुस्तकालय

VIII. कोई एक पत्र लिखिए : **1x10=10**

40. किताब मंगाते हुए एक आदेश पत्र लिखिए।

41. छात्रावास से लाभ – मित्र के नाम पर पत्र लिखिए।

IX. (a) शुद्ध कीजिए : **5x1=5**

42. हम घर को जाते हैं।

43. आप हमारे यहाँ आना है।

44. पानी बहती है।

45. घोडे को सींग नहीं होते।

46. तुम्हारा नाम बताओ।

(b) लिंग बदलिए : **5x1=5**

47. पोता

48. आदमी

49. नाना

50. बिल्ली

51. साहब

(c) वचन बदलिए : **5x1=5**

52. मेला

53. महीना

54. दादा

55. नदी

56. वायु

(d) वाच्य बदलिए : **5x1=5**

57. मैं पत्र लिखूँगा।

58. राम पाठ पढ़ता है।

59. नौकर काम कर रहा है।

60. मैं सबेरे उठ नहीं सकता।

61. राम ने रावण को मारा।

X. (a) निम्नोक्त गद्यांश का **एक-तिहाई** में संक्षिप्त कर लिखिए : **1x5=5**

62. ईंधन और इमारती लकड़ी के लिए लोग पहले भी पेड़-पौधों को काटा करते थे। लेकिन साथ ही साथ वे नये-नये पेड़ भी लगाते रहते थे। इस कारण पेड़-पौधों की कमी नहीं होती थी। आजकल लोग पेड़ों को धड़ाधड़ काटते जा रहे हैं, लेकिन वे नये पेड़ नहीं लगा रहे। इस कारण हमारे देश के बहुत-से घने जंगल उजड़ते जा रहे हैं। लोग पेड़ों को काट-काटकर शहरों की सड़कों को चौड़ा कर रहे हैं। सड़कों के किनारे वाले छायादार पेड़ कम होते जा रहे हैं। बाग-बगीचे कट रहे हैं और उनकी जगह ऊँची-ऊँची इमारते बन रही हैं। जगह-जगह नये-नये कारखाने खुल रहे हैं। इससे हमें कई तरह की सुविधाएँ तो मिल रही हैं, लेकिन हमारे देश के मौसम पर इसका बुरा असर पड़ रहा है।

(b) अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : **5x1=5**

63. मैनें आज चार पाठ पढ़े।

64. माँ ने बच्चे को दूध पिलाया।

65. अब कोई बालक बाहर न जाए।

66. मोहन अब मैदान में खेल रहा होगा।

67. वह लड़का जल्दी सोने लगता है।

- o O o -